राजस्थान सरकार
निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः स्थाई भण्डार/2022/ 472 दिनांकः 26/12/22

1. मैसर्स ....
   ....
2. प्रभारी, सर्वर रूम–वेबसाईट पर अपलोड हेतु।
3. नोटिस बोर्ड (मु.)।

विषयः–सीमित निविदा के अन्तर्गत केबिन एल्युमिनियम एसीपी शीट मय टेबिल के बनवाये जाने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय के एमएनडीवाई अनुभाग कमरा नं. 335 में 4x3.66 फिट के 3+3 आमने–सामने कुल 06 एल्युमिनियम एसीपी शीट मय टेबिल के केबिन बनाये जाने हैं। यदि आप उक्त कार्य के इच्छुक हैं, तो कार्य दिवस में आपकी फर्म मे कार्यरत तकनीकी कारीगर से उक्त कक्ष सं. 335 में श्रीमान् नोडल अधिकारी (एमएनडीवाई) मुख्यालय के निर्देशानुसार किये जाने वाले कार्य का माप लेकर कार्य की दरें फर्म के लेटर हैड पर बन्द लिफाफे में इस कार्यालय के भण्डार अनुभाग में दिनांक 02.01.2023 को मध्यान्ह 1.00 बजे तक प्रस्तुत करने का श्रम करें। समय प्राप्त सीमित निविदा उक्त दिनांक 02.01.2023 को मध्यान्ह 2.00 बजे गठित उपापन समिति के समक्ष/द्वारा खोली जायेगी।

नोटः–

(1) समय पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नही किया जायेगा

(2) कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना की समस्त जिम्मेदारी निविदादाता/फर्म की होगी, जिससे विभाग का कोई लेना–देना नहीं होगा।

(3) कार्य में लिये जाने वाला सामान/सामग्री उच्च गुणवता कंपनी का होना चाहिए।

(4) उक्त कार्य करने का अनुभव/फर्म का रजिस्ट्रेशन/जीएसटी पंजीयन संलग्न करना आवश्यक है।

भण्डार अधिकारी
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राजस्थान जयपुर

क्रमांकः स्थाई भण्डार/2022/ दिनांक

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. नोडल अधिकारी (एमएनडीवाई), मुख्यालय के प्रारूप कमांक 1317 दिनांक 06.12.2022 के क्रम में।

भण्डार अधिकारी
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राजस्थान जयपुर